अपने दोस्तों और परिवार के साथ कैसे बात करें

कोविड-19 टीकों के बारे में

इस तरह हम सभी अपने समुदायों का कोविड-19 से बचाव करने में योगदान दे सकते हैं।

हो सकता है, कोविड-19 टीकों के बारे में आप ढेर सारे प्रश्नों का सामना कर रहे हों। अपने जीवन में लोगों को विश्वास दिलाने के लिए भरोसेमंद जानकारी प्राप्त करें, आप क्या उत्तर दें, के लिए हमने यहाँ अपने मुख्य सुझाव दिए हैं।

टीके जीवन बचाते हैं और हमारे समुदायों की रक्षा करते हैं

कोविड-19 टीके जीवन बचा रहे हैं। टीकाकरण, टीके लगवाने वाले लोगों की रक्षा करने से कहीं अधिक काम करते हैं, वे आपके आस-पास रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा भी करते हैं।

समुदाय में जितने अधिक लोगों ने टीका लगवाया है और कोविड-19 से बचाव किया है, कोविड-19 का फैलना उतना ही मुश्किल है।

कोविड-19 टीके सुरक्षित हैं

दुनिया भर में, हैल्थ कनाडा जैसी पब्लिक हैल्थ एजेंसियों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय ने निष्कर्ष निकाला है कि स्वीकृत कोविड-19 टीके सुरक्षित हैं, इनमें वे स्त्रियां भी शामिल हैं, जो गर्भवती हैं, गर्भवती होने की योजना बना रही हैं या स्तनपान करा रही हैं।

यदि आपके प्रश्न हैं और गर्भवती हैं, गर्भवती होने की योजना बना रही हैं या स्तनपान करा रही हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

हालांकि टीके रिकॉर्ड समय में विकसित किए गए थे — इसके लिए बड़े पैमाने पर वैश्विक कोशिश और पहले की गई कोरोना वायरस संबंधी खोज हेतु धन्यवाद — उन्होंने पिछले टीकों की तरह ही स्वीकृति के लिए वही पड़ाव पूरे किए थे।

दुनिया भर में लाखों लोग पहले ही सुरक्षित ढंग से टीका लगवा चुके हैं। कोविड-19 से संक्रमित होने की तुलना में टीके कहीं अधिक सुरक्षित हैं।

टीका कैसे लगवाएं?

ब्रिटिश कोलंबिया में 12 और अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए टीके उपलब्ध हैं। योग्यता संबंधी दिशा-निर्देश और जानकारी gov.bc.ca/getvaccinated पर उपलब्ध है।

अपने टीके के लिए अभी रजिस्टर करें या अपने स्थानीय टीकाकरण क्लिनिक में जाएं

पड़ाव 1: रजिस्टर

ऑनलाइन रजिस्टर (getvaccinated.gov.bc.ca) करें, फोन द्वारा (1-833-838-2323) या सर्विस BC कार्यालयों में स्वयं जाकर रजिस्टर करें। अपना पुष्टि नंबर सेव करें, बाद में आपको इसकी आवश्यकता पड़ेगी।

पड़ाव 2: मुलाकात का समय बुक करें

अपने टीके के लिए मुलाकात बुक करने के लिए योग्य होते ही आपसे संपर्क किया जाएगा।

पड़ाव: 3 टीका लगवाएं

अपनी मुलाकात के तय समय से कुछ मिनट पहले पहुंचें; छोटी बाज़ू की कमीज़ पहनें और मास्क लगाएं। क्लिनिक पर, आपको जाँच-प्रक्रिया पूरी करनी होगी, अपना टीका लगवाएं और लगभग 15 मिनट के लिए निरीक्षण क्षेत्र में इंतज़ार करें। अपनी दूसरी ख़ुराक बुक करने के लिए योग्य होते ही आपको सूचित किया जाएगा।

वॉक-इन्स का स्वागत है

यदि आप चाहें, तो आप टीके की अपनी पहली या दूसरी ख़ुराक के लिए टीका क्लिनिक में वॉक-इन भी जा सकते हैं। स्थानों की सूची के लिए gov.bc.ca/vaxforbc पर जाएं।

कोविड-19 को सुरक्षा प्राथमिकता बनाएं रखें

सार्वजनिक स्वास्थ्य आदेशों, क्षेत्रीय सिफ़ारशों का पालन करते रहें और अच्छी कोविड-19 भावना का अभ्यास करें, जैसे अपने हाथ धोएं, टैस्ट कराएं और बीमार होने पर घर में ही रहें। आपका पूरा टीकाकरण होने तक सार्वजनिक अंदरूनी स्थानों में मास्क लगाएं।

सूचित रहें

फ्रेज़र हैल्थ, प्रोविन्स ऑफ़ ब्रिटिश कोलंबिया और BCCDC जैसे भरोसेमंद स्रोतों से B.C. की कोविड-19 प्रतिरक्षा योजना और टीके से सुरक्षा संबंधी तथ्य प्राप्त करें।

bccdc.ca

fraserhealth
Better health. Best in health care.

BC Centre for Disease Control
Provincial Health Services Authority

कॉपीराइट 2021
अंतिम बार अपडेट किया गया:
20 अगस्त, 2021
स्रोत: BCCDC, इम्यूनाइज़ BC,
हैल्थ कनाडा, CDC और WHO

[Hindi]